NAYA INDIA N.D 4/5/18

एमआरएफ का शुद्ध लाभ बढ़ा

नई दिल्ली, भाषा। टायर बनाने वाली प्रमुख कंपनी एमआरएफ का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 20.41% बढ़कर 345.32 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2016-17 की जनवरी - मार्च तिमाही में कंपनी को 286.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी कुल आय 3,944.75 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,778.23 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2017-18 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 23.85% घटकर 1,131.61 करोड़ रुपये रहा है जो 2016-17 में 1,486.22 करोड़ रुपये था। इसके अलावा कंपनी के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर गैर - परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 500 करोड़ रुपये जुटाने की अनुमति भी दे दी है।